तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जनवरी 2024

09 भटगांव में मना विकसित भारत संकल्प यात्रा उत्सव



10 राज्य स्तरीय मैराथन में धावकों ने दिखाया जज्बा





## खबर संक्षेप

### नया साल का पहला दिन की मौज-मस्ती

**लवन।** नगर सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामों में मनचले युवक, बुजुर्ग, सियान महिलाएं क्षेत्र के पवित्र स्थल दर्शनीय स्थल देवी देवताओं के मंदिर दर्शन कर साल का पहला दिन को शुभ बनाने में लगे रहे। वहीं अनेक युवक विभिन्न प्रकार के खाने पीने की पार्टी में मशगूल रहे। क्षेत्र से शिवरीनारायण, गिरौदपुरी, तुरतुरिया, मल्हार महामाया आदि मंदिर के लिए दर्शन करने गए थे।

### खीर पूरी के प्रसाद का किया वितरण

**लवन।** नगर के भगवान भोलेनाथ शिव मंदिर के सामने खीर, पुरी प्रसाद वितरण कर नव वर्ष का प्रथम उत्साह से मनाया गया। नगर के मुख्य मार्ग में जड़ा तालाब पर स्थित शिव मंदिर के पास साहू परिवार के राकी एवं योगेश ने मिलकर राहगीरों को खीर पुरी प्रसाद का वितरण दिनभर किया।

### चावल खराब होने की शिकायत पर मारपीट

**रायपुर।** आरंग थाने में एक व्यक्ति ने गांव के तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राजेश कुमार सतवर्ती ने उमाशंकर, टीकम तथा कैलाश चंद्राकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। राजेश ने पुलिस को बताया कि गांव में हेल्थ अवेयरनेस का कार्यक्रम चल रहा था। शाम के समय भोजन परोसने के दौरान राजेश ने चावल खराब होने की शिकायत की। इस बात से नाराज होकर तीनों ने उसके साथ मारपीट की।

### चाय के पैसे कौन देगा कहने पर की पिटाई

**रायपुर।** धरसींवा थाने में चाय के पैसे देने के विवाद पर दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक शैलेंद्र कोसले ने मनोज शर्मा उर्फ मानू शर्मा तथा एक अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शैलेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह एक दुकन में चाय पीने के लिए गया, इसी दौरान उसने मजाक में चाय के पैसे कौन देगा, कहा, इससे नाराज होकर मनोज तथा उसके साथी ने मारपीट की। वहीं मनोज ने शैलेंद्र के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### धान बोनस के विवाद पर भतीजे ने पीटा

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक व्यक्ति ने अपने भतीजे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक नेमीचंद साहू ने रूपेंद्र के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नेमीचंद ने पुलिस को बताया कि उन्हें धान के बोनस के रूप में एक-एक लाख रुपए करके दो खातों में मिला था। पिता की तबीयत खराब होने पर उसने एक खाते के पैसे से इलाज कराया।

# नए साल का जश्न : देर रात फूटे पटाखे, मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

नववर्ष 2024 के स्वागत में जहां बीती रात से आतिशबाजी और केक काटने का क्रम लोगों के बीच जारी रहा। वहीं दूसरी ओर आज सुबह से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति मंदिरों और पार्कों में रही। दिनभर लोग अपने परिचितों और रिश्तेदारों को नववर्ष की शुभकामनाएं व बधाई देने व्यस्त रहे। नववर्ष के प्रथम दिन आज जिले के पर्यटक स्थलों सहित शहर के गार्डन में भी सुबह से देर शाम तक लोगों की उपस्थिति रही। लोग सपरिवार पर्यटक स्थलों में पिकनिक मनाने के लिए व्यस्त रहे। मनगटा, मोंगरा जलाशय, मटियामोती जलाशय,

## साल के पहले दिन लोगों ने जमकर मनाया जश्न



### नववर्ष के स्वागत में कई आयोजन

इधर शहर के चौपाटी, पुष्पवाटिका, त्रिवेणी परिसर, उर्जा पार्क में भी दिनभर लोगों की उपस्थिति रही। बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोगों ने नववर्ष पर स्वस्थ्य मनोरंजन कर नववर्ष का स्वागत किया। ज्ञात हो कि 31 दिसंबर की रात होटलों, रिसोर्ट, ढाबा सहित अन्य स्थलों में नववर्ष मनाने देर रात तक लोगों की उपस्थिति रही। वहीं शहर के चौक-चौराहों से लेकर मोहल्लों में भी छोट-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहा। लोगों ने नववर्ष प्रारंभ होते ही अपने रिश्तेदारों, परिचितों को नववर्ष की बधाई संदेश देने व्यस्त रहे।



बागनदी जलाशय के अलावा शहर के मोहारा क्षेत्र शिवनाथ नदी के किनारे बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कई लोगों ने यहीं भोजन पकाया तो कई घर से ही भोजन बनाकर पिकनिक स्थल ले गए थे, जहां पिकनिक मनाकर भोजन का आनंद भी उठाया।

### केंद्र द्वारा बदले गए नियमों के खिलाफ ड्राइवरों में नाराजगी का दिखा चौतरफा असर

# चालकों की हड़ताल से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई ठप, पंपों में वाहनों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

एक बार फिर से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई चैन प्रभावित हो गई है। बलौदाबाजार तक आने वाले टैंकरों के समय पर नहीं आने से शहर के कई पंप ड्राय हो गए हैं। अचानक बनी इस स्थिति से लोगों में भी हड़कंप मच गया है। पंपों में पेट्रोल-डीजल की कमी की खबरें पता चलते ही लोग पंपों की तरफ टूट पड़े। शहर में जिस पंप पर पेट्रोल-डीजल मिला, वहां लोगों की लंबी कतारें देखने को मिली। हालांकि जल्द ही इस स्थिति के सामान्य होने की बातें कही जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार इस स्थिति के पीछे केंद्र सरकार द्वारा लाए गए एक कानून का विरोध है। बताया गया कि केंद्र सरकार ने मोटर व्हीकल एक्ट में कुछ बदलाव किए हैं। जिसको लेकर ही अब विरोध शुरू हो गया है। इसी के चलते पेट्रोल-डीजल की सप्लाई प्रभावित हो गई है। उल्लेखनीय है कि यह स्थिति पिछले एक साल में कई दफा बन चुकी है। हालांकि हर दफा कारण अलग-अलग रहे हैं।



### दिनभर पसरा रहा सन्नाटा

जिला मुख्यालय से लेकर सभी ब्लॉकों के बस स्टैंड में सोमवार को सन्नाटा पसरा रहा। इसके अलावा इन रूट पर चलने वाले ट्रांसपोर्ट वाहन भी नहीं दिखे। ड्राइवरों की इस हड़ताल से रोजाना जिले के अलग-अलग रूट में चलने वाली करीबन सौ बस के पहिये थमे रहे। वहीं ट्रांसपोर्टिंग में लगे रहने वाले एक हजार वाहन भी सड़कों से दूर रहे। बस नहीं चलने से जिलेभर में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### नहीं दिया अधिक पेट्रोल

शहर के कुछ पंप में ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध थे। ऐसे में लोगों को इसकी जानकारी मिलते ही वे वहां टूट पड़े। हालांकि इन पेट्रोल पंपों में भी लोगों को टैंक फुल कराने के बजाय सीमित पेट्रोल ही दिया गया। इसको लेकर कुछ विवाद की स्थिति भी बनी, लेकिन सभी को पेट्रोल उपलब्ध कराने की मंशा से उठाए गए इस कदम का सभी को फायदा भी मिला।

### ड्राइवरों की हड़ताल से थमे बस के पहिये

केंद्र सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट में किए गए बदलाव के विरोध में सोमवार से प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ड्राईवर संघ द्वारा की जा रही इस हड़ताल के चलते साल के पहले ही दिन परिवहन की पूरी व्यवस्था पटरी से उतर गई। किसी भी रूट की बस सड़कों पर दौड़ती हुई नहीं दिखी। वहीं ट्रांसपोर्टिंग में लगे बड़े वाहन भी सड़कों से गायब दिखे। आने वाले तीन दिनों तक यह हड़ताल जारी रहने वाली है। ऐसे में हड़ताल समाप्त होने से पहले तक इस स्थिति से निजात मिलने की संभावना नहीं नजर आ रही है।इधर इस हड़ताल का असर जमीन पर भी देखने को मिला। सुबह से अपने सफर के लिए बस स्टैंड पहुंचने वाले यात्रियों को जब बसें नहीं मिली तो उन्हें परेशान होकर मायूस ही वापस लौटना पड़ा। ग्रामीण अंचल से शहर तक पढ़ाई, व्यापार और रोजी-मजदूरी के लिए आने वाले लोग भी अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए विकल्प तलाशते रहे।मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए कानूनों में बदलाव के अंतर्गत मोटर व्हीकल एक्ट में भी बड़ा अंतर आ गया है।

# धनवंतरी मेडिकल में ब्रांडेड दवाओं का अभाव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार ने गरीब एवं मध्यम वर्गी परिवारों की सुविधा के लिए पूरे प्रदेश में धनवंतरी मेडिकल स्टोर की शुरुआत की थी। मुख्य रूप से सरकारी अस्पतालों के आसपास, शासकीय भूमि या अस्पतालों के क्षेत्र अंतर्गत ऐसी दवा दुकानों का निर्माण किया था। भाटापारा सिविल अस्पताल में साज सज्जा के साथ डीएमएफ फंड के माध्यम से पूर्व कलेक्टर रजत बंसल द्वारा धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स की शुरुआत की गई थी। प्रारंभ में तो इन दुकानों में सब कुछ ठीक-ठाक था, लेकिन धीरे-धीरे सामान्य प्रचलित दवाइयों पर मात्र 10-15 प्रतिशत की छूट ही दी जाने लगी है, जो की शासन द्वारा पूर्व में किये गये प्रचार के अनुरूप दिखाई नहीं पड़ती।

- 65प्रतिशत की छूट अनजान, अपरिचित कंपनियों की दवाओं पर

**ब्रांडेड कंपनियां की दवाओं पर आवश्यक निर्धारित छूट नहीं**

प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई इस महती योजना में आम मरीजों को दवाओं पर लगभग 65 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा ऐसी छूट जिन दवा कंपनियां की दवाओं पर दी जा रही है, अधिकांश ऐसी कंपनियां की गुणवत्ता के बारे में कोई नहीं जानता है। सामान्य रूप से प्रचलित दवा कंपनियां की दवाओं पर जो कि अन्य सामान्य मेडिकल स्टोर्स पर मिलती है, जिन्हें अधिकांश निजी डॉक्टर द्वारा लिखा जाता है, वे सभी दवाएं सरकार द्वारा निर्धारित छूट के दायरे में नहीं आ पाती, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना पर प्रश्न खड़ा होता है।

# प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज का सम्मेलन 3 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय मां शाकम्भरी एवं माता सावित्री बाई फुले जयंती के अवसर पर समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन व परिचय माला पुस्तिका विमोचन का आयोजन ग्राम पंचायत दरचुरा में 3 जनवरी बुधवार को किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य 'यांत्रिकी विधि और विधाई कार्य एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा विशिष्ट अतिथि शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भाटापारा होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। प्रातः 10 बजे मां शाकंभरी एवं भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं सामाजिक प्रदेश पदाधिकारीयों का स्वागत व संबोधन, दोपहर 1 बजे माता सावित्री फुले सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं युवक-युवती परिचय, दोपहर 2 बजे अतिथियों का स्वागत सम्मान एवं अतिथि संबोधन, तत्पश्चात शाम 5 बजे समापन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ कोसरिया पटेल समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल भाटापारा ने समाज के समस्त स्वजातीय बंधुओं से उक्त समारोह में अधिक से अधिक शामिल होने की अपील की है ।



- उपमुख्यमंत्री अरुण साव व शिवरतन शर्मा होंगे शामिल

### कच्ची शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**सरायपाली।** आबकारी वृत्त के प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज द्वारा ग्राम मोहगाँव थाना बलौदा में मुखबिर से सूचना के आधार पर आरोपी पदम लोचन भोई पिता शंकर लाल भोई (34) के मकान में दबिश देकर मौके पर तलाशी लेने पर एक ट्यूब में 40 लीटर और 2 प्लास्टिक पालीथिन में 10 लीटर कुल 50 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त कर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उक्त आरोपी को रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। एक अन्य कार्यवाही में ग्राम चकरदा थाना सरायपाली के आरोपी बसंत पटेल पिता रामसाय पटेल (43) के कब्जे से 3.5 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब और 300 किलो ग्राम शराब बनाने योग्य किण्वित अवस्था में महुआ लहान जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) (क) (च) के तहत अपराध दर्ज किया गया।

# छात्र ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का समापन हुआ। उक्त शिविर ग्राम पंचायत मुंडा की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में 26 दिसम्बर से 1 जनवरी तक संचालित किया गया। "नशा मुक्त समाज के लिए युवा" विषय पर आधारित शिविर के समापन में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मुंडा के सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत बरदा के उप सरपंच लाला राम वर्मा एवं शिक्षक नन्द राम वर्मा उपस्थित रहे। सरपंच प्रतिनिधि श्री वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा शिविर के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की एवं कहा कि स्वयंसेवकों द्वारा किये गए राष्ट्र सेवा के कार्य से ग्राम के युवाओं को प्रेरणा मिलती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उपाध्याय ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया एवं कहा कि छात्र छात्राएं युवा ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करें तथा जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त कर माता-पिता और शिक्षकों को गौरवान्वित करें। छात्र-छात्राएं स्वयं नशीले पदार्थों से दूर रहें एवं अपने आस पास बालक बालिकाओं और मित्रों को भी नशे की प्रवृति से दूर रहने हेतु प्रेरित करें। ▸▸ शेष पेज 09 पर

- महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर का समापन



## स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में 997 लोगों ने कराया इलाज

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़पार-सरसीवां

नगर पंचायत बरमकेला के बस स्टैंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि एवं हेमसागर नायक अध्यक्ष नगर पंचायत विशिष्ट अतिथि रामकुमार नायक उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षद विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नरेश चौहान एवं नगरपालिका अधिकारी अनिल सोनवानी सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला के प्राचार्य मोहनलाल नायक और शिक्षिका भुनेश्वरी गोपाल के निर्देशन में छात्राओं ने 4 नृत्य और भाषण प्रस्तुत किया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उनको योजनाओं से हुए लाभ को नागरिकों के सामने शिविर में बताया। संकल्प यात्रा शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं का स्टाल लगा हुआ था, जिसमें पीएम आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, पीएम उज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान), राजस्व, पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि शामिल हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों का स्वास्थ्य जांच भी की गई। इस यात्रा में स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में 997 लोगों ने इलाज कराया। पीएम आवास में 327, पीएम विश्वकर्मा में 256, पीएम स्वनिधि में 348, पीएम उज्वला में 156, आयुष्मान कार्ड में 12, आधार कार्ड में 150 नागरिकों ने योजना की जानकारी लेकर इच्छुक नागरिकों ने आवेदन किए। लाभार्थी हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर का लाभ लिया। बरमकेला नगर पंचायत में इस यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल था, जिससे एक ही स्थान पर नगरवासियों को योजनाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगरवासी सहित मोहनलाल नायक, शोभादास मानिकपुरी, यशवंत नायक, दीपक विश्वकर्मा, मनीष नायक आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जहां लोगों को सरकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही कई योजनाओं का लाभ भी आमजन को दिया जा रहा है।






### कुर्की वारंट मिलते ही बकायादारों ने जमा किए 4.75 लाख

**रायपुर।** नगर निगम के राजस्व विभाग ने बड़े बकायादारों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। कन्हैयालाल बाजारी वार्ड के दो भवन मालिकों के नाम बकाया राशि भुगतान के लिए कुर्की वारंट जारी करते ही संबंधित भवन स्वामी द्वय ने स्थल पर राजस्व महकमे को 4 लाख 73 हजार 535 रुपए की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया। निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के आदेश पर यह कार्यवाही की गई। नगर निगम के राजस्व महकमे ने निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में 10 जोन के 70 वार्डों में राजस्व वसूली अभियान को तेज कर दिया है। बड़े बकायादारों से कड़ाई से बकाया राजस्व की वसूली करने बकायादारों पर कुर्की वारंट की कार्यवाही की जा रही है।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# बीस साल में नहीं बन पाया भर्ती नियम, मेकाहारा में जन्म लेने वालों बच्चों की श्रवण जांच नहीं हो पा रही


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जन्म लेने के तुरंत बाद बच्चों के श्रवण शक्ति की जांच की सुविधा मेकाहारा में नहीं मिल पा रही है। नवजातों को इस प्रक्रिया के लिए परिजन निजी अस्पतालों में लेकर जाते हैं अन्यथा अनजाने में जांच न कराकर जोखिम उठाते हैं। इसकी एकमात्र वजह मेकाहारा में ऑडियोलॉजी टेक्नीशियन का पद रिक्त होना है। चिकित्सा महाविद्यालय में इसके लिए पद तो स्वीकृत है, मगर भर्ती नियम नहीं बनने की वजह से बीस साल से इनकी भर्ती नहीं हो पाई है। इसकी वजह से लाखों रुपए की मशीनें डंप पड़ी हैं। मेकाहारा के ईएनटी विभाग में ऑडियोलॉजी टेक्नीशियन की तीन सीटों पर एक वर्षीय पाठ्यक्रम का संचालन वर्ष 2003 से किया जा रहा है और 50 से अधिक लोग इसका प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2009 में कॉलेज में ऑडियो मिट्री टेक्नीशियन की भर्ती के लिए दो पद स्वीकृत भी हुए, मगर इनकी भर्ती के लिए अब तक नियम नहीं बन पाया है, जिसका सीधा असर बच्चों की श्रवण शक्ति की जांच पर पड़ रहा है। आंकड़ों के मुताबिक आंबेडकर अस्पताल के प्रसूति रोग विभाग में अभी औसतन 50 बच्चों का रोजाना जन्म होता है। इन बच्चों की जांच के लिए अन्य सुविधाएं तो मिल जाती हैं, मगर श्रवण शक्ति की जांच नहीं हो पाती। नाक, कान, गला विभाग में इसकी जांच से संबंधित ऑडियोमीटर तथा इंपेडेंस मशीन की जरूरत होती है, जो यहां पर्याप्त संख्या में हैं। इन मशीनों का आमतौर पर उपयोग नहीं हो पाता, जिसकी वजह से यह डंप की स्थिति में हैं। इस पद पर भर्ती के लिए टेक्नीशियन संघ द्वारा अस्पताल प्रबंधन के साथ चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है, मगर अब तक इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

## पैरामेडिकल ऑडियोलॉजी टेक्नीशियन के पद स्वीकृत, भर्ती नहीं

### अदालत जाने की तैयारी

बीस साल से भर्ती नियम नहीं बनने और मेडिकल कॉलेज में इससे संबंधित पाठ्यक्रम का संचालन करने के मामले में अब न्यायालय जाने की तैयारी की जा रही है। बेरोजगार ऑडियोलॉजी तकनीशियन संघ द्वारा इसके लिए याचिका लगाकर भर्ती की प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की जाएगी।







### प्रशिक्षु करते हैं मशीन का उपयोग

अस्पताल सूत्रों के मुताबिक टेक्नीशियन नहीं होने की वजह से इन ऑडियोमीटर तथा इंपेडेंस मशीन का उपयोग विभाग के जूनियर डॉक्टरों तथा संबंधित कोर्स का संचालन करने आने वाले प्रशिक्षुओं द्वारा किया जाता है। हालांकि उनके विशेषज्ञ नहीं होने की वजह से जांच की प्रक्रिया जोखिम भरी होने की आशंका बनी रहती है।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने किया राजपत्रित अधिकारी संघ के कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ एवं विभागाध्यक्ष शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर 2024 का विमोचन किया। विमोचन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा, अविनाश तिवारी, युगल किशोर, सत्येंद्र देवांगन, रवि गढ़पाले, जीके देशमुख, लीलेश्वर देवांगन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री को संगठन की ओर से नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री से 4 प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता जारी करने अनुरोध किया गया।

### राज्यपाल बैस से मिले सराफा कारोबारी

**रायपुर।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर



महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस से रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के नेतृत्व में सराफा कारोबारी जितेंद्र बरलोटा, महेंद्र कोचर, महावीर गोलछा ने भेंट कर नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दीं। श्री बैस से सौजन्य मुलाकात में छत्तीसगढ़ के समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

### मोदी के मन की बात का लोगों पर गहरा असर


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता



संघ की ओर से रविवार को श्रोताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के मन की बात की 108वीं कड़ी का प्रसारण पाटन ब्लॉक के ग्राम मगरघटा में सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम श्री मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से जीवन की गहराइयों पर प्रकाश डालते हैं। श्री बजाज ने कहा कि राजधानी में गत दिनों एक ही परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या इसी मानसिक बीमारी का परिणाम है। इस अवसर पर अशोक बजाज, श्याम वर्मा, परसराम साहू, डोमन सिंह ठाकुर, मुकेश शर्मा, दिनेश वर्मा, गोविंद प्रसाद चंद्राकर, रवि लाल सूर्यवंशी, प्रताप पांडे एवं केशव चंद्राकर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्काउट-गाइड शिविर में शामिल हुए विधायक अनुज

**रायपुर।** हिंदुस्तान स्काउट गाइड



द्वारा कूंरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय शिविर का समापन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अनेक शिक्षाप्रद मनोरंजक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि उन्होंने स्वयं अपने शैक्षणिक काल में 8 साल तक स्काउट-गाइड के शिविर में प्रशिक्षण लिया है।
शिविर के अंतिम दिन नगर

## संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- जल्द कराएं सर्वे

# महाराजबंद परिक्रमा पथ विकसित करने राजस्व अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के महामाया मंदिर वार्ड स्थित महराजबंद तालाब के परिक्रमा पथ को विकसित करने जल्द सर्वे शुरू होगा। इसके लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को सर्वे कराने निर्देश दिए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचे संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस आशय के निर्देश रविवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों में स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब का परिक्रमा पथ आम जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा। महामाया मंदिर वार्ड के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा, आयुष्मान योजना से अब बीपीएल वर्ग के सभी लोगों को 10 लाख रुपए तक स्वास्थ्य जांच व उपचार पूरी तरह से निशुल्क प्राप्त होगा। उज्ज्वला योजना में पात्र सभी हितग्राहियों को गैस सिलेंडर मात्र 500 रुपए में मिलेगा। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मंच से 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 25 जनवरी से 25 मार्च तक प्रदेश शासन की ओर से अयोध्या धाम के दर्शन श्रद्धालुओं को कराने की घोषणा की।

### आम जनता के लिए 10 दिनों में शुरू हो जाएगा बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ





### स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर कराई ब्लडप्रेशर की जांच

शिविर में विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टाल का अवलोकन करने के दौरान श्री अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर पहुंचकर अपना ब्लडप्रेशर चेक कराया। साथ ही स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे लोगों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल पर 10 शिशुओं को अन्नप्राशन कराया। जोन-6 के महामाया मंदिर वार्ड में लगाए गए दूसरी पाली के इस शिविर में रायपुर दक्षिण के विधायक प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, निगम के उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, वार्ड पार्षद सरिता वर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र फूल सिंह यादव, पूर्व पार्षद सालिक सिंह ठाकुर, अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी केएस पटले, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारी और वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### टिकरापारा के हरदेवलाला मंदिर में लगाया शिविर

शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के टिकरापारा स्थित हरदेवलाला मंदिर प्रांगण में रविवार को भारत संकल्प यात्रा अभियान की पहली पाली का शिविर आयोजित हुआ। रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने इस मौके पर प्रशासनिक व्यवस्था का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के स्टाल का अवलोकन किया। शिविर में 1080 से अधिक पात्र नागरिक केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्यक्ष तौर लाभान्वित हुए। शिविर में 181 नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराकर चिकित्सीय परामर्श लिया। इस मौके पर पीएम विश्वकर्मा योजना के पात्र 160 नागरिकों तथा पीएम उज्ज्वला योजना के 254 नागरिकों को इसका लाभ मिला। शिविर में रायपुर दक्षिण विधायक प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, वार्ड पार्षद चंद्रपाल धनगर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व पार्षद रामकृष्ण धीवर, अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# साय बोले- मेहनतकश और राष्ट्रभक्त के रूप में है कुर्मी समाज की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



*छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री*

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को बलौदाबाजार जिले के सेम्हराडीह में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के छठवें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस कार्यक्रम के मुख्य आतिथि रहे। छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण और राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा और जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में नागरिकों की मांग पर सेम्हराडीह में उपस्वास्थ केंद्र की मंजूरी की घोषणा की। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर एक छात्र दीपक वर्मा को शिक्षा के लिए 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद की मंजूरी की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने 'परिणय पुष्प' और 'अरपा छत्तीसगढ़' शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया। इस मौके पर दो आदर्श विवाह हुए। अतिथियों ने नवविवाहित दंपति को खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कुर्मी समाज की पहचान एक राष्ट्रभक्त और मेहनतकश समाज के रूप में है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में इस समाज के महापुरुषों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री बैस ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाओं की शिक्षा महत्वपूर्ण होती है। पहले महिलाएं घर के कामकाज तक सीमित रहती थी, सामाजिक गतिविधियों में केवल पुरुषों का ही योगदान रहता था, लेकिन संवैधानिक प्रावधान के तहत उन्हें आरक्षण का भी लाभ मिल रहा है और महत्वपूर्ण स्थानों पर भी महिलाएं अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। राजस्व मंत्री श्री वर्मा, समाज के पदाधिकारी चोवाराम वर्मा, धर्मेंद्र सरसिहा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# नई सरकार के पास कलेक्टर एसडीएम, तहसीलदार के तबादलों के लिए केवल 5 जनवरी तक का समय

## लोकसभा चुनाव के लिए 6 से शुरू होना है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ की नवगठित भाजपा सरकार के पास राज्य के कलेक्टरों, एसडीएस, तहसीलदार से लेकर नगर पालिकाओं के सीएमओ स्तर के अधिकारियों के तबादले करने के लिए केवल 5 जनवरी तक का समय है। इसके बाद इन अधिकारियों के तबादले 8 फरवरी तक नहीं किए जा सकेगा। वजह ये है कि 6 जनवरी 2024 से लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण का काम होना है, जो 8 फरवरी तक चलेगा। निर्वाचन संबंधी इस महत्वपूर्ण कार्य के दौरान निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों के तबादले नहीं किए जा सकेंगे। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने हरिभूमि से चर्चा में इस बात की पुष्टि की है।

- 8 फरवरी तक चलेगा मतदाता सूची पुनरीक्षण

**ये है मामला:** भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आदेश जारी कर दिया है। यह काम राज्यभर में 6 जनवरी से शुरू होकर 8 फरवरी तक चलेगा। ये पूरा काम राज्य के कलेक्टर यानी जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एआरओ और ईआरओ के माध्यम से किया जाता है। इन अधिकारियों में कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिक निगमों के आयुक्त और सीएमओ आदि करते हैं, लेकिन चुनाव के काम के बीच इन संवर्ग के अधिकारियों का तबादला राज्य सरकार नहीं कर सकती।

### प्रशासनिक फेरबदल होना तय

इधर राज्य सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल होना तय है। हालांकि इस बीच मुख्यमंत्री, मंत्रियों के चयन से लेकर विभागों के बंटवारे में काफी समय बीत चुका है। अब मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होने के बाद सरकार पूरे तरीके से काम करना प्रारंभ करेगी। नए सिरे से कामकाज शुरू होने से पहले प्रशासनिक फेरबदल किया जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।

### तो... 8 फरवरी के बाद हो सकेंगे तबादले

सरकार के जानकार सूत्रों की मानें, तो 5 जनवरी के पहले अगर प्रशासनिक फेरबदल के आदेश जारी हो गए तो ठीक, वरना 8 फरवरी के बाद जब निर्वाचन विभाग का काम पूरा हो जाएगा, तब तबादले किए जा सकेंगे, लेकिन 8 फरवरी के बाद सरकार के पास उस लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने तक का समय बाकी रहेगा। जानकारों के अनुसार लोकसभा की आचार संहिता मार्च में लग सकती है। ऐसे में 8 फरवरी से लेकर आचार संहिता लागू होने के पहले तक तबादलों की सूची जारी हो सकती है। यह भी उल्लेखनीय है कि आवश्यक परिस्थितियों में चुनाव आयोग की सहमति लेकर सरकार तबादले कर सकती है या फिर चुनाव आयोग किसी भी अधिकारी का तबादला अपनी रिपोर्ट के आधार पर कर सकता है।

# गढ़कलेवा-वेंडिंग जोन अधूरे, बिरगांव निगम नहीं दे पाया खानपान की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम कार्यालय के पास स्थित गांधी उद्यान में खानपान के लिए गढ़कलेवा और बिजली ऑफिस के पास वेंडिंग जोन बनाने की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई। इसके कारण क्षेत्र के लोगों को घूमने-फिरने और विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए नया स्पाट नहीं मिल पाया है। पहले निगम के जिम्मेदारों ने इसे जुलाई तक पूरा करने के बाद त्योहारी सीजन में नई सुविधा देने का दावा किया था, लेकिन जरूरी काम अधूरा होने से खानपान की सुविधा लोगों को नहीं मिली।

औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े बिरगांव निगम की सीमा में वैसे तो कई होटल हैं, लेकिन वहां लोग घूमने-फिरने के साथ खानपान का लुत्फ नहीं उठा पाते। इसे देखते हुए निगम के जिम्मेदारों ने दो स्पॉट पर इसके लिए बेहतर सुविधा देने की तैयारी तो शुरू की, लेकिन अभी तक जरूरी काम ही पूरा नहीं करा पाए हैं। इससे निगम कार्यालय में काम के सिलसिले में आने वाले 40 वार्डों के रहवासियों को मिलने वाली नई सुविधा मिलने में फिर विलंब हो रहा है।



### प्रक्रिया जारी

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए उद्यान में गढ़कलेवा शुरू करने और वेंडिंग जोन बनाने की प्रक्रिया जारी है। किस वजह से विलंब हो रहा है, इस मामले को संज्ञान में लिया जाएगा। वेंडिंग जोन का प्लान सड़क पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत देने लिए बनाया गया है।

- **नंदलाल देवांगन**, महापौर नंनि बिरगांव

## प्रदेश में खाद-बीज और कीटनाशक औषधियों की गुणवत्ता जांच

# बीज के 37 नमूने अमानक संस्थानों को शो-कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि विभाग द्वारा चालू रबी सीजन में किसानों को प्रदाय किए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं कीटनाशक औषधि की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने इलाकों में खाद-बीज विक्रेता संस्थानों से रासायनिक उर्वरक, बीज और कीटनाशक औषधियों के सैंपल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। रबी सीजन-2023-24 में अब तक जांच पड़ताल में बीज के 37 नमूने, रासायनिक उर्वरक के 3 तथा पौध संरक्षण औषधि के 18 नमूने अमानक पाए गए हैं, जिनके लाट के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के साथ ही संबंधित



फर्मों को कृषि विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। संयुक्त सचिव कृषि श्री के. सी. पैकरा ने बताया कि चालू रबी सीजन में बीज के 2000 उर्वरक के 700 तथा पौध संरक्षण औषधि के 510 नमूने लिए जाने का लक्ष्य है। विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा अब तक बीज के 1765 नमूने लिए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला भेजकर परीक्षण कराया गया है। परीक्षण में 1569 नमूने मानक स्तर के तथा 37 नमूने अमानक स्तर के पाए गए हैं, जबकि 159 नमूने अभी परीक्षण की प्रक्रिया में हैं।

इसी तरह रासायनिक उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच-पड़ताल के लिए कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा 582 नमूने विभिन्न संस्थानों से एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं, अभी तक प्राप्त रिपोर्ट में 39 नमूने मानक स्तर के तथा 03 नमूने अमानक स्तर के मिले हैं। 538 नमूने अभी जांच की प्रक्रिया में हैं। अमानक बीज एवं खाद के लाट के विक्रय को विभाग द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के साथ संबंधित संस्थाओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग की टीम कीटनाशक औषधियों के गुणवत्ता की भी लगातार जांच कर रही है। जांच पड़ताल टीम ने अब तक कुल 341 सेम्पल विभिन्न फर्मों से लिए हैं, जिसमें से 119 सैम्पल मानक स्तर के और 18 अमानक पाए गए हैं। 182 सैंपल अभी जांच की प्रक्रिया में हैं।

## 45 हजार से ज्यादा श्रमिकों का नवीनीकरण भी नहीं हो पाया

### राज्य में 39 लाख 11 हजार 825 श्रमिकों ने पंजीयन कराने किए हैं आवेदन

# 39 लाख आवेदन, 23 लाख श्रमिकों का हो सका पंजीयन, 15 लाख रद्द, 35 हजार लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्यभर में 39 लाख 11 हजार 825 श्रमिकों ने पंजीयन कराने के लिए आवेदन किया था। इनमें से 23 लाख 77 हजार 417 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है, जबकि 14 लाख 99 हजार 178 श्रमिकों के आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द कर दिए गए हैं। विभाग को मिले कुल आवेदनों में 35 हजार 230 श्रमिकों की पंजीयन प्रक्रिया अभी जारी है। पंजीयन के अलावा 5 लाख 22 हजार 140 श्रमिकों ने नवीनीकरण के लिए भी आवेदन किया है। इनमें 4 लाख 15 हजार 305 श्रमिकों



का नवीनीकरण हुआ है, जबकि 45 हजार 82 श्रमिकों का अब तक नवीनीकरण नहीं हो पाया है। नवीनीकरण में भी 61 हजार 456 आवेदन रद्द किए गए हैं। श्रम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिनका पंजीयन एवं नवीनीकरण रद्द किए गए हैं, उन सभी श्रमिकों को उनके दिए गए मोबाइल नंबर पर मैसेज भेज दिया गया है, जिसमें आवेदन रद्द किए जाने की वजह बताई गई है।

श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए शासन कई तरह की योजनाएं चला रहा है। इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को लाभ मिल सके, इसके लिए श्रमिकों को पंजीयन कराकर श्रमिक कार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन करने की सुविधा भी दी जा रही है। पंजीयन की इस सुविधा के तहत श्रमिक आवेदन भी कर रहे हैं, लेकिन अब तक जितने आवेदन आए हैं, उनमें लगभग 39 प्रतिशत आवेदनों को रद्द कर दिया गया है, जबकि हजारों आवेदन अब तक लंबित हैं।

### नवीनीकरण अब हर साल

विभागीय अधिकारियों के अनुसार श्रमिक कार्ड पहले पांच साल के लिए बनाया जाता था, लेकिन नए नियम के तहत अब श्रमिकों को प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण कराना होगा। राज्य में पांच साल अवधि के लिए बनाए गए सभी श्रमिकों का पंजीयन रद्द कर दिया गया है। अब दोबारा श्रमिकों का पंजीयन कराकर श्रमिक कार्ड बनाया जा रहा है।

### लग रही रोज भीड़

श्रम विभाग के दफ्तरों में पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने श्रमिकों की हर रोज भारी भीड़ लग रही है। रायपुर जिले में भी हर रोज श्रमिकों की भीड़ पहुंच रही है। एक साथ बड़ी संख्या में श्रमिकों के पहुंचने के कारण पंजीयन एवं नवीनीकरण करने में विभागीय कर्मचारियों का पसीना छूट रहा है। कई श्रमिकों को तो समय के अभाव या सर्वर डाउन होने के कारण दूसरे दिन बुलाया जा रहा है।

### मैसेज भेजा जा रहा

पंजीयन रद्द करने के अलग-अलग कारण हैं। जिन श्रमिकों का पंजीयन रद्द किया जा रहा है, उन्हें उनके मोबाइल पर कारण के साथ मैसेज भेजा रहा है।

- **आरएस राजपूत**, असिस्टेंट ऑफिसर, श्रम विभाग रायपुर

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब, 3 पर कार्रवाई

महासमुंद। कलेक्टर प्रभात मलिक के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में अवैध शराब बनाने और बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के तारतम्य में 31 दिसम्बर को आबकारी विभाग वृत्त सरायपाली द्वारा ग्राम जोगीडीपा थाना सरायपाली में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी विद्याधर चौहान के मकान में दबिश देकर उसके घर और आंगन में मौके पर चूल्हे पर चढ़ी हुई कच्ची महुआ शराब भट्ठी मिली। मौके पर तलाशी के दौरान प्लास्टिक पॉलीथीन और पॉलीथीन पैकेटों में भरी हुई 70 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब और 7 नग प्लास्टिक ड्रमों में लगभग 1400 किलोग्राम शराब बनाने महुआ लहान बरामद किया गया। आरोपी को रैड की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया, जिसका पन्चनामा तैयार किया गया। उक्त फरार आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) (क), (च) 34(2), 59(क) तहत अपराध दर्ज कर उक्त फरार आरोपी की खोजबीन पता साजी की जा रही है। इसी तरह ग्राम नूनपानी में आरोपी मधुसूदन साहू (30) के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब और 800 किलो ग्राम शराब बनाने महुआ लहान जब्त किया गया। आरोपी सदानंद साहू (28) वर्ष के कब्जे से भी 10 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब और 700 किलो ग्राम शराब बनाने योग्य महुआ लहान जब्त किया किया गया।

### कुर्मी क्षत्रिय की लोक संस्कृति पुस्तक का विमोचन

महासमुंद। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज का 13वां प्रांतीय अधिवेशन व 22वां कुर्मी सांझा कार्यक्रम समाज के लोगों की उपस्थिति में 23 व 24 दिसंबर को कुरूद में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुर्मी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर बीएस निरंजन व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कुर्मी सांझा के विजय बघेल सांसद दुर्गा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय चंद्राकर विधायक कुरूद ने की। विशेष अतिथि के रूप में विनोद सेवालाल चंद्राकर रहे।

## पेज 7 का शेष

### छात्र ऊर्जा का ...

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि रासेयो स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान परियोजना कार्य के रूप में ग्राम मुंडा के 86 बालक-बालिकाओं के वजन तथा ऊंचाई की माप कर कुपोषण आधारित सर्वेक्षण किया।

इसके साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में सोख्ता निर्माण, खर पतवार की छंटाई एवं तालाब की पचरी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, कृषि परिचर्चा, बाल अधिकार एवं लिंग संवेदीकरण जैसे अनेक कार्यक्रम संचालित किये गए। शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

# साहू समाज ने आयोजित किया युवक-युवती परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

बिलासपुर सिम्स आर्डिटोरियम में बिलासपुर जिला एवं नगर साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ।

इसमें मुख्य अतिथि अरूण साव उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के साथ प्रमुख अतिथि अमर अग्रवाल विधायक एवं पूर्व मंत्री बिलासपुर, धरमलाल कौशिक विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष भिल्हा, थानेश्वर साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छ.ग. शासन, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण एवं अध्यक्षता टहलराम साहू प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ व विशिष्ट अतिथि धरमजीत सिंह विधायक तखतपुर, सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, रामशरण यादव महापौर बिलासपुर, अटल श्रीवास्तव विधायक कोटा व दिलीप लहरिया विधायक मस्तुरी के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज गौरव के रूप में सर्वश्री लखन लाल साहू पूर्व सांसद बिलासपुर, इन्द्र साव विधायक भाटापारा, संदीप साहू विधायक कसडोल, भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, ओंकार साहू विधायक धमतरी, रोहित साहू विधायक राजिम, ईश्वर साहू विधायक बेमेतरा एवं इन्द्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, यामिनी देवी साहू राष्ट्रीय भगवताचार्य का सम्मान किया गया।

## बिलासपुर सिम्स आर्डिटोरियम में हुआ कार्यक्रम



### मिलाप का विमोचन कर वितरण किया

इसी अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के समाज के जिलाध्यक्षों सर्वश्री डिग्रीलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ रायगढ़, गिरजा साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ कोरबा, डॉ. खिलावन साहू सक्ती, पुहुपराम साहू अध्यक्ष मुंगेली एवं रमेश साहू अध्यक्ष जीपीएम ने भी अपनी गरिमामय उपस्थिति दी। जिला एवं नगर साहू संघ बिलासपुर द्वारा प्रकाशित पत्रिका युवक-युवती परिचय सम्मेलन विशेषांक मिलाप का विमोचन कर वितरण किया गया।

# भटगांव में मना विकसित भारत संकल्प यात्रा उत्सव

**हितग्राहियों को गांव में ही मिल रहा योजनाओं का लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



सारंगढ़–बिलाईगढ़ में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के नगर पंचायत भटगांव में पहुंचा और अधिकारियों–कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। जहां स्कूलों बच्चों ने धरती माता पर केंद्रित प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सारंगढ़ बिलाईगढ़ के भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष जालान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार राज्य सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है कि नहीं यदि नहीं मिल रहा है तो इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने कहा शासन की समस्त योजनाओं को नगर पंचायत की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।

मेरी कहानी मेरी जुबानी में गुड्डा साहू ने बताया कि मेरी पत्नी का इलाज सरकारी योजना के माध्यम से हुआ, इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं की तारिफ की। वहीं कई महिलाएं व पुरूष जो योजनाओं से लाभ ले रहे हैं वे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यावाद दिये। विकसित भारत संकल्प यात्र में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम में स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ''मेरी कहानी मेरी जुबानी' के तहत हितग्राहियों ने योजनाओं के माध्यम से हुए उनके जीवन परिवर्तन की अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन–जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों नगर पंचायतों में आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी लोगों द्वारा विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीण शिविर में पहुंचकर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिए। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जानकारियों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा में विशेष रूप से जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष जालान, भाजपा नेता दिनेश लाल जांगड़े, मनोज जायसवाल, सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र साहू, योगेश केशरवानी रेवती लाल चन्द्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष झाड़ूराम चन्द्रा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट के जिला संयोजक गुड्डा तेली, भाजपा मंडल महामंत्री श्याम लाल साहू, फूलचंद जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता रामलाल साहू, महेत्तर श्रीवास, राजू केशरवानी, पार्षद लक्ष्मी साहू, नवीन वैष्णव, रंजीता रघु, लीलाधर वैष्णव, सुरेश रघु सहित नगर पंचायत के अधिकारी मधुलिका सिंह चंदेल, इंजिनियर तारकेश्वर नायक व कर्मचारीगण सुबह से शाम तक कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे रहे। कार्यक्रम का समापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी मधुलिका सिंह चंदेल ने आभार प्रदर्शन कर किया।

# संक्रमित गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे पर नहीं होता कोविड का साइड इफेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संक्रमण के दौरान गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य पर इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के स्टडी विंग द्वारा किए गए इस रिसर्च ने कोरोनाकाल के दौरान गर्भवती महिलाओं में बच्चे के भविष्य को लेकर होने वाले तनाव को कम करने में बड़ा योगदान दिया है। स्टडी विंग अभी एंटी रैबीज वैक्सीन के असर, एनीमिया सहित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर रिसर्च किया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज की सीनियर साइंटिस्ट डॉ. नेहा सिंह ने बताया कि कोविडकाल के दौरान अक्सर यह आशंका तनाव का कारण होती थी कि गर्भवती महिलाओं से पैदा होने वाले बच्चों पर इसका साइड इफेक्ट हो सकता है। इस आधार पर उनकी टीम ने प्रेग्नेंसी के दौरान संक्रमित हुई महिलाओं के मामलों में लंबी स्टडी कर यह निष्कर्ष निकाला था कि जन्म लेने वाले बच्चों पर इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। उन्होंने बताया कि अभी एंटी रैबीज पर कारगर वैक्सीन इसके मोनोक्लोरोएसिटिक, एनीमिया तथा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशियन के साथ मिलकर ट्राइबल इलाके में डाइट्री पर रिसर्च किया जा रहा है। आईसीएमआर के साथ कोविडकाल में पैदा हुए बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट सहित विभिन्न मुद्दों पर स्टडी का काम चल रहा है।

### तैयार की वायरोलॉजी गाइडलाइन

डॉ. नेहा सिंह ने कोरोनाकाल के दौरान वायरोलॉजी लैब के संचालन के लिए गाइडलाइन तैयार की थी। तब उनके द्वारा तैयार किए गए मापदंडों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली और इसके आधार पर राज्य में 15 वायरोलॉजी लैब का संचालन शुरू हुआ। कोरोनाकाल में जेएन मेडिकल कॉलेज में पांच लाख सैंपल की जांच हुई।

### तंबाकू खतरनाक

स्टडी के दौरान यह साबित हुआ है कि गर्भवती महिलाओं द्वारा तंबाकू का सेवन करना उसके होने वाले बच्चों के लिए खतरनाक हो सकता है। गुड़ाखू, तंबाकू सहित प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से उसके उपयोग की वजह से बच्चों के वजन, प्री-बर्थ, लो-बर्थ की आशंका होती है। छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में महिलाएं तंबाकू का किसी न किसी रूप में उपयोग करती हैं। इस लत से महिलाओं को दूर करने में यह रिसर्च काफी मददगार साबित हो रहा है।

## बस सेवा बंद होने से यात्री परेशान ...



लवन। नगर के मुख्य मार्ग से बिलासपुर, रायपुर, गिधौरी, सरसीवा चारों तरफ की दिशाओं में चलने वाली यात्री बसों की सेवा सोमवार को बंद रहने से यात्रीगणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग दुपहिया वाहनों से अपने गंतव्य तक आते जाते देखे गए। लवन का मुख्य मार्ग दिनभर सुनसान पड़ा रहा। इसी तरह माल वाहक ट्रक के चालक हड़ताल पर चले जाने से विभिन्न किराना सामानों की आवाजाही बंद रही। दुकानों में कई सामानों की कमी के चलते ग्राहक वापस होते दिखे। दुकानदारों के अनुसार लंबे समय से यदि माल वाहक हड़ताल पर रहते हैं तो किराना सामानों के मूल्य में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# रेलवे प्लेटफार्म पर नंबर कहीं, कोच कहीं, यात्रियों में मच रही भागमभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एलएचबी कोच से चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों को अभी भी तकनीकी खामियों के कारण परेशानी हो रही है। ओवरफ्लो से कोच का पानी प्लेटफार्म पर बहता है। इसके अलावा कोच इंडिकेशन बोर्ड के अनुसार ट्रेन के कोच भी क्रमवार सही जगह पर नहीं आ रहे हैं। इसकी वजह से यात्रियों को बड़ी दिक्कत हो रही है। एक तरफ रेलवे प्रबंधन आधुनिक कोच एलएचबी से ट्रेनें चलाने को लेकर वाहवाही लूट रहा है। दूसरी ओर जिस तरह की तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, उन्हें लगातार नजरअंदाज भी कर रहा है। एलएचबी कोच सामान्य से 2.5 मीटर लंबा होता है। यही वजह है कि जब ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंचती है तो इंडिकेशन बोर्ड पर जो कोच नंबर दर्शाया जा रहा है, उसके मुताबिक कोच की स्थिति नहीं होती। दरअसल यह इंडिकेशन बोर्ड पुराने कोच के मुताबिक लगे हैं। रेलवे को इसकी जानकारी है, लेकिन अब तक इस दिशा में सुधार नहीं किया गया है।

### रात की ट्रेनों में कोच का पानी ओवरफ्लो होकर प्लेटफार्म पर बह रहा



### पानी में फिसलकर गिर रहे यात्री

कोच के साथ-साथ एक समस्या प्लेटफार्म पर पानी बहने की भी आ रही है। दरअसल स्टेशन आने पर जब ट्रेन के कोच में पानी भरा जाता है और ओवरफ्लो होता है तो पानी ट्रेक पर न जाकर सीधे प्लेटफार्म पर बहने लगता है। जल्दबाजी में कई यात्री अब प्लेटफार्म पर फिसलकर गिर रहे हैं, जबकि पुराने कोच में यह व्यवस्था थी कि ओवरफ्लो का पानी ट्रेक पर गिरता था।



### अनाउंसमेंट के बाद भी यात्री परेशान

प्लेटफार्म-7 पर डिस्प्ले बोर्ड अभी तक नहीं लग पाया है। प्लेटफार्म पर कोच की जानकारी अनाउंसमेंट के जरिए दी जा रही है। इसके बाद भी यात्रियों को अपना कोच आसानी से नहीं मिल पाता है। अनाउंसमेंट में केवल एसी कोच और जनरल कोच की जानकारी दी जा रही है, लेकिन स्लीपर कोच किस स्थिति में क्रमवार आएंगे, इसे यात्रियों को ढूंढना पड़ रहा है। नए प्लेटफार्म पर ट्रेनों का परिचालन यात्रियों के लिए फिलहाल मुसीबत बना हुआ है।

# नववर्ष का पहला दिन लोगों ने पर्यटन और पिकनिक स्पाट पर मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खट्टी-मीठी यादों के साथ रविवार को वर्ष 2023 बीत गया। नए साल के पहले दिन पूजा -अर्चना, पर्यटन स्थल और पिकनिक स्पॉट पर परिवार के साथ लोगों ने दिन बिताया। 31 दिसंबर की रात 2023 को विदाई देने और नववर्ष 2024 का स्वागत करने शहर के अनेक स्थानों में कार्यक्रम रखे गए थे। सोमवार की सुबह से ही शहर के धार्मिक स्थलों में लोगों के दिन की शुरूआत पूजा -पाठ से हुई। स्थानीय श्री हनुमान मंदिर, महामाया मंदिर सहित शक्तिपीठों और देवालयों में नववर्ष में परिजनों के अच्छे स्वास्थ्य और मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। यहाँ भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा -अर्चना की।

मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के अनुसार सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि रविवार को लगभग पांच हजार लोग दर्शन के लिए पहुँचे थे। सिरपुर पहुंचे भक्तों ने पहले गंधेश्वर महादेव के दर्शन किया। बाद यहाँ सुरंग टीला और लक्ष्मण मंदिर और म्यूजियम घूमा। नववर्ष पर मां खल्लारी और घुंचापाली चंडी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों के लगातार पहुंचते रहे।





### वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करने लगाए जा रहे शिविर

महासमुंद। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उसे लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। 1 जनवरी को पिथौरा जनपद के ग्राम पंचायत लहरौद, सरायपाली जनपद के ग्राम पंचायत केजुवा, बसना जनपद के ग्राम पंचायत दूधीपाली में विकसित भारत संकल्प की मोबाइल वैन पहुंची, जहां पर स्वागत समिति द्वारा संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन का स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी ने शपथ ली। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। पिथौरा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हेमंत नंदनवार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का 0अवलोकन किया।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में स्पंज आयरन चोरी मामले के आरोपी कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस ने दबिश दी। बिरगांव, उरला, धरसींवा, तिल्दा समेत अन्य ठिकानों पर पुलिस पहुंची। स्पंज आयरन चोरी का मामला सामने आने के बाद सभी आरोपी कबाड़ी फरार हैं। सायबर सेल की टीम को गिरफ्तार 4 आरोपियों के मोबाइल फोन से अहम सुराग मिले थे। तिल्दा थाना में सभी आरोपियों को धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज हैं।

### महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोतवाली थानान्र्गत ग्राम धनसुली में महुआ शराब पर कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार रेखु ध्रुव पिता स्व जेठुराम 24 वर्ष निवासी धनसुली और एक अन्य द्वारा अवैध रूप से बिक्री के लिए तालाब के पास 4 लीटर महुआ शराब रखे हुए थे। जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमती 800 रूपए और नगदी 80 रूपए बरामद कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की गई।

### 4 लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम परसकोल में 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक हेमलाल चौहान पिता सादराम निवासी परसकोल को अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 4000 एमएल कीमती 800 रूपए के साथ पकड़ा गया। उसके खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की है।

### चंदूलाल चंद्राकर की जयंती मनाई



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में छत्तीसगढ़ कुर्मी समाज महान नेता चंदूलाल चन्द्राकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरोज चंद्राकर, लीना चंद्राकर, ममता चंद्राकर, लेख चंद्राकर, गोदावरी चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर, मनीषा चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, सुमित्रा चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### खरोरा में मनाया गया नववर्ष



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में बीते वर्ष 2023 की विदाई एवं नववर्ष 2024 का स्वागत किया गया। रात्रि 12 बजे बड़ी धूमधाम से नववर्ष मनाया गया। जिसमें उपसरपंच हेमलता चन्द्राकर, मनोज चन्द्राकर, संजय साहू, भूमिका चन्द्राकर, राकेश चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर, कौशल चन्द्राकर,जय,देवा, उमा, माधुरी, मालती, राजकुमारी, मधु, अल्फु, मेघा, संगीता, महेश्वरी, रितिक, डाली, सुमन, ओमप्रकाश, संजय, देवेन्द्र, संतराम, नवीन, सन्नी, आशु, पुलकित, रजत, गज्जू, राजा, बिट्टू, अनिल, दीपक, अंजय, लल्ली, वेदांश, अशोक, कुणाल आदि मौजूद रहे।

### शीतला मंदिर में चांदी की चरण पादुका समर्पित



**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर ने अपने मां स्वर्गीय अमोला देवी चन्द्राकर की पुण्यतिथि पर नगर की नगर कुलदेवी प्राचीन मंदिर माँ शीतला मंदिर में उत्तरप्रदेश काशी से बनवाए गए चांदी का चरण पादुका माता रानी शीतला के चरणों मे समर्पित किया गया। और अपने मां के आत्मशांति व नगर की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# नशामुक्त समाज बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक आगे आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रासेयो इकाई का विशेष शिविर ग्राम पंचायत सकरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर लगा। शिविर का समापन मुख्य अतिथि पीएल साहू एवं विशेष अतिथि पुराईन बाई साहू सरंपच सकरी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि पीएल साहू द्वारा स्वयंसेवकों को नशा मुक्त समाज के लिए आगे आने एवं स्वयं किसी भी प्रकार का नशा न करने की सलाह दी। शिविर में छात्र शुभम कुमार साहू शिविर अध्यक्ष, सोनम जसवाल शिविर अध्यक्षिका,खुशबू अग्रवाल, कीर्ति यादव, दिव्या यादव, दामिनी ध्रुव, लोकेश यादव, रिकेश्वर पैकरा, रोशनी कन्नौज, बिंदु बंजारे, प्राची देवांगन, पिकेश ध्रुव, लोकेश्वर बंजारे, ज्योति साहू, मनीसा टंडन, कुलदीप वर्मा, रितिक टंडन, नेहा साहू, सती निषाद, ट्विंकल साहू, त्रिवेणी वर्मा, ऐश्वर्या साहू, सोनिका कुर्रे, सोहन साहू, पुमेश, दामनी साहू, रूपाली साहू, मधु साहू, अरविंद टंडन, प्रीतम कोशले, तेजस्वी शर्मा, नागेश, राधिका, कृतिका, वीणा, श्रुति साहू, काजल, यामिनी पैकरा पूजा, तनुजा, अजय, प्रेम, करण सेन, सूर्यकांत वर्मा, जैनेंद्र नायक, वीरेंद्र कन्नोजे, सावन साहू, गिरीराज साहू, देवप्रकाश साहू, रवि साहू, मोकेंद्र आदि। महाविद्यालय से सहयोक के रूप में प्रभा पैकरा, ज्ञानू ध्रुव, नरेश ध्रुव, नीलू साहू, पिलाराम यादव थे।

## सकरी में आयोजित डीके महाविद्यालय के रासेयो शिविर का समापन



### ग्राम पंचायत ने छात्रों को प्रमाणपत्र बांटे

समापन समारोह में सभी छात्रों को प्रमाणपत्र मेडल एवीएम ग्राम पंचायत द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं अतिथियों का स्वागत श्रीफल एवं शाल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम अधिकार नरेन्द्र देव मिर्झा ने बताया कि 25 से 31 दिसम्बर तक स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम सकरी में विभिन्न कार्य जिनमें प्रभात फेरी, सफाई, नाटक, बौद्धिक परिचर्चा, सोख्ता निर्माण, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। जिनसे छात्रों का बौद्धिक, सामाजिक व व्यक्तित्व का विकास हुआ। ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी मिलकर समापन दिवस का भोजन सभी छात्रों एवं ग्रामजनो के लिए तैयार किया गया एवं महाविद्यालय के छात्रों को भविष्य में भी शिविर लगाने आमंत्रित किया।

## दौड़ : महिला-पुरुष और युवकों ने लगाई दौड़

# राज्य स्तरीय मैराथन में धावकों ने दिखाया जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सरसीवां में राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन तृतीय वर्ष किया गया। दौड़ पेंड्रावन रोड पर आयोजित की गई। बस स्टैंड सरसीवां में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नीतीश कुमार बंजारे थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रेशम लाल कुर्रे, देवेंद्र केसरवानी, स्काउट्स जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकरलाल साहू, समाजसेवी गोपी साहू, व्यवसायी मनीष केड़िया, व्याख्याता कमलेश साहू, गोरेलाल साहू, शिवा साहू आदि उपस्थित थे। आयोजन के संबंध में समिति के सदस्य ललित साहू ने बताया कि इस वर्ष महिला एवं पुरुष वर्ग के अलग–अलग आयु वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अंडर 40 आयु वर्ग में 85 पुरुष प्रतिभागी एवं 25 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 20 प्रतिभागी कुल 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ को लेकर सरसीवां सहित आसपास के गांव के लोगों में भारी उत्साह रहा। प्रातः 7 बजे से ही दौड़ देखने के लिए कतारबद्ध खड़े थे। पुरस्कार वितरण समारोह में नीतीश बंजारे ने कहा कि नवगठित सरसीवां नगर पंचायत क्षेत्र में राज्य स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। खेल में जीतना जरूरी नहीं भाग लेना बड़ी बात है। आयोजक समिति के युवाओं का उत्साह को देखते हुए उन्होंने अगले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की। रेशम कुर्रे ने कहा कि आयोजक समिति के युवाओं के साथ-साथ धावकों के जोश और जुनून सरसीवां की सड़कों पर आज परिलक्षित हो रहा था। समारोह को मनीष केड़िया, देवेंद्र केसरवानी ने भी संबोधित किया।



**इनका रहा योगदान**

प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिवा साहू रायकोना, पूनमसिंह साहू,भागवत साहू, चौतन साहू, शंभू, आयोजक सदस्य ललित साहू, पंकज साहू, कलश कर्ष, किशनलाल कोसरिया, प्रिंस बारेठ, महेंद्र साहू, भाग्यप्रताप, भारत साहू, पायल, कृति सहित स्काउट्स, गाइड्स पुलिस व स्वास्थ्य का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन पूनम सिंह साहू एवं भागवत साहू ने तथा आभार व्यक्त ललित साहू ने किया।

### इन धावकों को भी मिला सम्मान

मैराथन दौड़ में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले लोमश कुमार कुरूद, दिनेश पामगढ़, भोजराम कोट, अनिल यादव पामगढ़, असलेश सूरजपुर, अरुण सलखंड, देवप्रकाश सक्ति, भानु चंद्रा मालखरौदा, सुनील कोट, यशराज गगोरीटांड़, रोशनसिंह गोरेल्ला, करण कुमार जांजगीर, सूरज डभरा, नूतन कोरबा, दीपक घिवरा, झरना सरसीवां, जमुना पुसौर, गीतांजलि रायपुर, सरोजिनी सुखापाली, अनीता रायगढ़, शीतल पुसौर, लीना सरसीवां, पूर्णिमा पुसौर, कविता लैलूंगा, सोनाली डुरूमगढ़, अर्पिता पुसौर, अमिता रोहिना, हेमलता पीहरोद,15 वर्ष से कम आयु वर्ग के प्रतिभागी हार्दिक शर्मा डभरा एवं प्रतीक साहू सरसीवां को भी सम्मानित किया गया।

### छत्तीसगढ़ के मिल्खा सिंह बने आकर्षण का केंद्र

सरसीवां योद्धा मिनी मैराथन– 2023 का शानदार आयोजन देखने को मिला। इस आयोजन में दूर-दूर से धावकों ने सरसीवां पहुंचकर न सिर्फ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि क्षेत्रवासियों को रोमांचित कर दिया। जब 80 वर्ष की उम्र के लोग बिस्तर पकड़ लेते हैं, उस उम्र में कोई प्रतिभागी मैराथन में भाग ले तो लोगों का आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक है। छत्तीसगढ़ के मिल्खा सिंह के नाम से मशहूर 85 वर्षीय सरजू प्रसाद ने भी युवाओं का हौसला अफजाई के लिए न सिर्फ मैराथन की दौड़ लगाई, बल्कि लोगों का दिल जीत लिया।

### मनीष कुमार लगातार तीसरी बार विजेता

पुरस्कार वितरण समारोह में जब विजेताओं के नामों की घोषणा की गई, तो स्थल तालियों की आवाज से गूंज उठा। अंडर 40 पुरुष वर्ग में लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव रतनपुर के मनीष कुमार को मिला, जिन्होंने 5 किलोमीटर की दूरी को महज 15 मिनट 17 सेकंड में तय किया। द्वितीय स्थान ओमकार वर्मा बेमेतरा, तृतीय चंद्रप्रकाश पामगढ़, चतुर्थ ईश्वर प्रसाद बलौदाबाजार, पंचम बनारसी सूरजपुर, महिला वर्ग में प्रथम प्रियंका साहू दुर्ग, द्वितीय मीरा साहू रायपुर, तृतीय प्रतिमा साहू दुर्ग, चतुर्थ भावना साहू रायपुर, पंचम स्थान मनीषा तिग्गा खमारडीह को शील्ड एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में प्रथम कदीप जांगड़े पामगढ़, द्वितीय नरेंद्र साहू सांकरा, तृतीय हरिहर बरिहा, महिला वर्ग में प्रथम नर्मदा साहू सांकरा, द्वितीय रोहिणी रोहिना, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम शिवप्रसाद बिलाईगढ़, द्वितीय सरजू प्रसाद सिमगा एवं गुलजारीलाल डंडाइडीह को पुरस्कृत किया गया।

### सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है

**सुहेला।** अंचल के ग्राम पडकीडीह (आमाकोनी मार्ग) में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन विभिन्न प्रसंगों पर कथा वाचिका पूजा किशोरी ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। आयोजनकर्ता ब्रम्हनौटा परिवार पडकीडीह में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। उपस्थित परिक्षित नारायण वर्मा कुमारी बाई, मदनलाल, रामनाथ सेन, घनश्याम वर्मा, नुमान वर्मा, ज्योति वर्मा, अधारी वर्मा, सरोजिनी बघमार,मेघनाथ, राजेन्द्र यादव, लखेश्वर वर्मा,पोषण वर्मा, रोहणी वर्मा, दिलेश्वर, बुजुर्ग बिराजो बाई, सुष्मा, धनेश्वर सहित आसपास ग्राम से आएं श्रोतागण सहित ग्रामवासी श्रीमद्भागवत पुराण कथा का आंनद ले रहे हैं।



■ पडकीडीह में पूजा किशोरी की भागवत कथा जारी

# गुरु घासीदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

नव युवा संगठन सतनामी समाज के तत्वावधान में गुरु घासीदास जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। समाज के युवा संगठन द्वारा बाइक रैली निकालकर नगर भ्रमण किया गया। इसके बाद मुख्य मंदिर में गुरु पूजन किया गया। आस्था और श्रद्धा भावना के साथ लोगों ने पूजा-अर्चना की।

दोपहर में मुख्य मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें समाज की युवा महिला व कन्याओं ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। चौक चौराहे में शौर्य प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा में नर्तकों ने पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। शोभायात्रा मुख्य मंदिर से सतनाम भवन तक पहुंची। कार्यक्रम में टोकेन्द्र गायकवाड़ सभापति प्रतिनिधि, लकेश्वर कोसले पूर्व अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब,

रिंकू गायकवाड़ युवा नेता, नूतन ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत मुरा, कंचन गायकवाड़ सभापति जनपद पंचायत तिल्दा, पवन लहरी, लेखराम कोसले, मनीष कोसले, राजा कोसले, राजेंद्र कोसले, जितेंद्र गायकवाड़, राज गायकवाड़, रोमनाथ कोसले, दीपक कोसले, हरीश चतुर्वेदी, मनीष कोसले, दुलारदास गायकवाड़, बनवालीराम शान नितेश गायकवाड़ एवं सभी युवा महिला पुरुष उपस्थित थे।



### नयापारा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कल से

**महासमुंद।** स्थानीय नयापारा संतोषी मन्दिर के पास श्रीमद भागवत कथा नवधा भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन 3 जनवरी से 11 जनवरी तक रखा गया है। आयोजनकर्ता मोहल्लावासियों ने बताया कि इस भक्तिमय आयोजन के कथावाचक पंडित विद्यासागर व्यास पाण्डे महासमुन्द और पाठ कर्ता पंडित संजय पाण्डे दुर्ग वाले के मुखारबिंद से नयापारा संतोषी मन्दिर में 3 से 11 जनवरी तक दोपहर 12 से 2 बजे एवम 3 से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन कथा होगी। प्रथम दिवस 3 जनवरी को गोकर्ण पूजा जल कलश यात्रा, 4 जनवरी गौकर्ण व्याख्रया आत्मदेव कथा, 5 जनवरी चौबीस अवतार कथा, सृष्टि उत्पती, 6 जनवरी प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, 7 जनवरी समुद्र मंथन कथा, कृष्ण जन्म, 8 जनवरी बाल चरित्र कथा, रूखमणी विवाह, 9 जनवरी रामचरित मानस, शोभायात्रा और अंतिम दिवस 11 जनवरी को गीता हवन, पूर्णाहुति प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ समापन होगा।

# बंगोली की स्कूल में शुरू हुआ व्यावसायिक शिक्षा का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

भारत शासन साक्षरता एवं शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा राज्य के 592 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत शासन द्वारा निर्देशित कक्षा 9वीं से 12वीं तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली के व्यावसायिक विषय ऑटोमोबाइल और आईटी के बच्चों द्वारा ऑन जॉब ट्रेनिंग और इंटर्नशिप कार्यक्रम अपने नजदीकी क्षेत्र में शुरू किया गया। इंटर्नशिप और ऑन जॉब ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कौशलता का विकास होना और इसके तहत शासन द्वारा इंटर्नशिप में बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।




## विकसित भारत संकल्प यात्रा का 29 पंचायतों में लगा शिविर

# शिविर में 7998 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केंद्रीय योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने तथा योजना से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। जिले में 16 दिसम्बर से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत अब तक 29 पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ विभाग द्वारा 7998 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें से 2833 लोगों का सिकल सेल का परीक्षण किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत आयोजित शिविर में अन्य विभागों के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्टाल लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण उपरांत परामर्श व उपलब्ध दवाई निःशुल्क दी जा रही है। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड के लिए नवीन पंजीयन तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया जा रहा है।

ज्ञातव्य है कि कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले में किया जा रहा है। निर्धारित रुट चार्ट के अनुसार बलौदाबाजार विकासखण्ड में यह यात्रा सम्पन्न हुई तथा शेष विकासखण्डों में जारी है।



